प्रेस विज्ञप्ति

पंचायत और पुलिस विभाग भी जुड़ा एड्स की रोकथाम के लिए

भोपाल, 24 जनवरी 2009 पंचायत राज संचालनालय की आयुक्त श्रीमती वीणा घाणेकर तथा पुलिस विभाग के डी आई जी श्री मारिया कुमार ने अपने–अपने महकमे के जरिये आगामी वर्ष में एड्स संक्रमण की रोकथाम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने एक स्वर में कहा कि एड्स संक्रमण के बारे में लोगों को जागरूक करने, उन्हें जानकारी देने, प्रशिक्षण देने के कार्य में विभाग पूरा सहयोग एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को देगा।

उक्त विचार म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति कार्यालय में आगामी वर्ष की कार्य योजना तैयार करने हेतु आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में व्यक्त किये। श्रीमती वीणा घाणेकर ने कहा कि महिला पंच और सरपंचों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एड्स संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम को प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। श्री मारिया कुमार ने कहा कि नये रंगरूटों की भर्ती तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एड्स संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम को शामिल किया जा रहा है तथा भविष्य में भी किया जाएगा। विभागीय दायित्वों में एड्स संक्रमण की जानकारी देने तथा लोगों को जागरूक करने के कार्यक्रम पर जोर दिया जाएगा। परियोजना संचालक श्री ओमेश मुंदड़ा ने पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, तथा अन्य सभी सरकारी महकमों के साथ आगामी वर्ष हेतु योजना प्रस्तावित किये जाने के बारे में विचार व्यक्त किए।

एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की आगामी वर्ष हेतु प्रस्तावित योजना डॉ. अपूर्वा चतुर्वेदी ने प्रस्तुत की तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रीमती स्मिता शिंडे ने बताया। इस अवसर पर शासकीय एवं अशासकीय सहयोगी भी उपस्थित थे। इस बैठक की शुरूआत में स्वागत भाषण संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा बोस ने दिया।